**SET-3**

**Series BVM/4**

कोड नं.
Code No. **64/4/3**

रोल नं.
Roll No.

परीक्षार्थी कोड को उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर अवश्य लिखें ।
Candidates must write the Code on the title page of the answer-book.

- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ **12** हैं तथा **2** पृष्ठ मानचित्रों के हैं ।
- प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिए गए कोड नम्बर को छात्र उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर लिखें ।
- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में **22** प्रश्न हैं ।
- **कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें ।**
- इस प्रश्न-पत्र को पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय दिया गया है । प्रश्न-पत्र का वितरण पूर्वाह्न में 10.15 बजे किया जाएगा । 10.15 बजे से 10.30 बजे तक छात्र केवल प्रश्न-पत्र को पढ़ेंगे और इस अवधि के दौरान वे उत्तर-पुस्तिका पर कोई उत्तर नहीं लिखेंगे ।
- Please check that this question paper contains **12** printed pages and **2** pages of maps.
- Code number given on the right hand side of the question paper should be written on the title page of the answer-book by the candidate.
- Please check that this question paper contains **22** questions.
- **Please write down the Serial Number of the question before attempting it.**
- 15 minute time has been allotted to read this question paper. The question paper will be distributed at 10.15 a.m. From 10.15 a.m. to 10.30 a.m., the students will read the question paper only and will not write any answer on the answer-book during this period.

# भूगोल (सैद्धान्तिक)

# GEOGRAPHY (Theory)

*निर्धारित समय : 3 घण्टे* | *अधिकतम अंक : 70*

*Time allowed : 3 hours* | *Maximum Marks : 70*



collegedunia.com
India's largest Student Review Platform

*सामान्य निर्देश :*

(i) इस प्रश्न–पत्र में कुल **22** प्रश्न हैं ।

(ii) **सभी** प्रश्न अनिवार्य हैं ।

(iii) प्रश्न संख्या **1** से **7** अति लघु-उत्तरीय प्रश्न हैं । प्रत्येक प्रश्न **1** अंक का है । प्रत्येक प्रश्न का उत्तर **40** शब्दों से अधिक नहीं होना चाहिए ।

(iv) प्रश्न संख्या **8** से **13** लघु-उत्तरीय प्रश्न हैं । प्रत्येक प्रश्न **3** अंक का है । प्रत्येक प्रश्न का उत्तर **80 – 100** शब्दों से अधिक नहीं होना चाहिए ।

(v) प्रश्न संख्या **14** से **20** दीर्घ-उत्तरीय प्रश्न हैं । प्रत्येक प्रश्न **5** अंक का है । प्रत्येक प्रश्न का उत्तर **150** शब्दों से अधिक नहीं होना चाहिए ।

(vi) प्रश्न संख्या **21** भौगोलिक लक्षणों को पहचानने तथा उनके नाम लिखने से संबंधित है, प्रश्न संख्या **22** भौगोलिक लक्षणों की स्थिति को उपयुक्त चिह्नों से दर्शाने से संबंधित है । प्रत्येक प्रश्न **5** अंक का है ।

(vii) आपको दिए गए **विश्व** तथा **भारत** के रेखा–मानचित्रों को उत्तर–पुस्तिका से संलग्न अवश्य करें ।

(viii) रेखा-मानचित्रों के रेखांकन के लिए **स्टेन्सिल** या **टेम्पलेट्स** के उपयोग की अनुमति दी जाती है ।

***General Instructions :***

(i) *There are* **22** *questions in all.*

(ii) ***All*** *questions are compulsory.*

(iii) *Question numbers* **1** *to* **7** *are very short-answer questions carrying* **1** *mark each. Answer to each of these questions should not exceed* **40** *words.*

(iv) *Question numbers* **8** *to* **13** *are short-answer questions carrying* **3** *marks each. Answer to each of these questions should not exceed* **80 – 100** *words.*

(v) *Question numbers* **14** *to* **20** *are long-answer questions carrying* **5** *marks each. Answer to each of these questions should not exceed* **150** *words.*

(vi) *Question numbers* **21** *and* **22** *are related to identification or locating and labelling of geographical features on maps, carrying* **5** *marks each.*

(vii) *Outline maps of the* ***World*** *and* ***India*** *provided to you must be attached within your answer-book.*

(viii) *Use of* ***templates*** *or* ***stencils*** *for drawing outline maps is allowed.*



collegedunia
India's largest Student Review Platform

## खण्ड क

## SECTION A

**1.** उस संवर्ग का उल्लेख कीजिए, जिसके अन्तर्गत भूकम्प के कारण हुआ प्रवास आता है । *1*

**अथवा**

भारत के किस राज्य में आप्रवासियों की संख्या सबसे अधिक है ? *1*

Mention the category to which the migration due to earthquake belongs.

**OR**

In which State of India is the number of in-migrants the largest ?

**2.** व्यावसायिक श्रमिकों (सफ़ेद कॉलर) की मुख्य विशेषता की व्याख्या कीजिए । *1*

**अथवा**

'प्रौद्योगिक ध्रुव' शब्द की व्याख्या कीजिए । *1*

Explain the main characteristic of professional workers (White Collar).

**OR**

Explain the term 'Technopole'.

**3.** भारत में पल्ली बस्ती वाले किसी एक क्षेत्र का नाम लिखिए । *1*

**अथवा**

भारत के किसी एक राज्य का नाम लिखिए, जहाँ परिक्षिप्त बस्तियाँ पाई जाती हैं । *1*

Name any one area of hamleted settlement in India.

**OR**

Name any one State of India, where dispersed settlements are found.

**4.** 'शुष्क भूमि कृषि' और 'आर्द्र भूमि कृषि' में अंतर स्पष्ट कीजिए । *1*

Distinguish between 'dry land farming' and 'wet land farming'.

**5.** 'सीमांत सड़कों' के महत्त्व का मूल्यांकन कीजिए । *1*

Evaluate the significance of 'Border Roads'.

**6.** 'व्यवहारवादी' विचारधारा का विश्लेषण कीजिए । *1*

Analyse the 'behavioural' school of thought.

**7.** 'सहकारी कृषि' की उपयोगिता क्या है ? *1*

What is the utility of 'co-operative farming' ?

## खण्ड ख

## SECTION B

**8.** "किसी देश का साक्षर जनसंख्या का अनुपात, उसके सामाजिक-आर्थिक विकास का सूचक होता है ।" इस कथन का मूल्यांकन कीजिए । *3*


"The proportion of literate population of a country is an indicator of its socio-economic development." Evaluate the statement.


collegedunia.com India's largest Student Review Platform

**9.** "सकल राष्ट्रीय प्रसन्नता देश की प्रगति का मापक है ।" कथन का मूल्यांकन कीजिए । *1×3=3*

"The Gross National Happiness is the measure of the country's progress." Evaluate the statement.

**10.** नीचे दिए गए आरेख का अध्ययन कीजिए और उसके नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए : *1+1+1=3*




(10.1) उस राज्य का नाम लिखिए जिसमें यह लोहा व इस्पात संयंत्र स्थित है ।


(10.2) इस संयंत्र के लिए कोयला और लौह अयस्क के स्रोतों के नाम लिखिए ।

(10.3) इस संयंत्र को किस सिद्धांत पर स्थापित किया गया था, स्पष्ट कीजिए ।



collegedunia
India's largest Student Review Platform

Study the diagram given below and answer the questions that follow :




(10.1) Name the State in which this iron and steel plant is located.

(10.2) Name the sources of coal and iron-ore for this plant.

(10.3) Explain the principle on which this plant was set up.

**नोट :** *निम्नलिखित प्रश्न केवल **दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों** के लिए, प्रश्न संख्या 10 के स्थान पर है :*

**Note :** *The following question is for the **Visually Impaired Candidates** only, in lieu of Q. No. 10 :*

बोकारो इस्पात संयंत्र के विकास के लिए उत्तरदायी किन्हीं तीन कारकों की व्याख्या कीजिए । *1×3=3*

Explain any three factors responsible for the development of Bokaro Steel Plant.

**11.** "भारत भाषाई विविधता की भूमि है ।" कथन की पुष्टि कीजिए । *1×3=3*

**अथवा**

भारत में ग्रामीण और नगरीय जनसंख्या के संघटन की किन्हीं तीन-तीन विशेषताओं की व्याख्या कीजिए । *1×3=3*



collegedunia
India's largest Student Review Platform

"India is a land of linguistic diversity." Support the statement.

**OR**

Explain any three characteristics each of rural and urban composition of population in India.

**12.** "जन्म और मृत्यु के अतिरिक्त प्रवास एक और घटक है, जिससे जनसंख्या का आकार परिवर्तित होता है ।" कथन को न्यायोचित ठहराइए । *1×3=3*

**अथवा**


"प्रौद्योगिक प्रगति ने जन्म दर को घटाने में सहायता की, लेकिन जनसंख्या वृद्धि उच्च बनी रही ।" कथन को न्यायोचित ठहराइए । *3*

"Apart from birth and death, migration is another way by which the population size changes." Justify the statement.

**OR**

"Technological advancement helped in the reduction of birth rate, but population growth remained high." Justify the statement.


**13.** नीचे दिए गए मानचित्र का सावधानीपूर्वक अध्ययन कीजिए और उसके नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए : *1+2=3*



(13.1) मानचित्र में दिखाई गई नहर की पहचान कीजिए और उसका नाम लिखिए ।

(13.2) इस नहर की किन्हीं दो विशेषताओं की व्याख्या कीजिए ।

Study the map given below carefully and answer the questions that follow :




(13.1) Identify and name the canal shown in the map.

(13.2) Explain any two features of this canal.

***नोट :*** *निम्नलिखित प्रश्न केवल **दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों** के लिए, प्रश्न संख्या 13 के स्थान पर है :*

***Note :*** *The following question is for the **Visually Impaired Candidates** only, in lieu of Q. No. 13 :*

स्वेज़ नहर की किन्हीं तीन विशेषताओं को स्पष्ट कीजिए । *1×3=3*

Explain any three features of Suez Canal.



collegedunia
India's largest Student Review Platform

## खण्ड ग

## SECTION C

**14.** ‘संचार’ शब्द की परिभाषा लिखिए । दूरसंचार के महत्त्व का वर्णन कीजिए । *1+4=5*

Define the term ‘Communication’. Describe the importance of telecommunications.

**15.** संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम द्वारा नगर रणनीति में बताई गई प्राथमिकताओं का वर्णन कीजिए । *1×5=5*

**अथवा**

संसार के विकासशील देशों में नगरीय बस्तियों की किन्हीं पाँच पर्यावरणीय समस्याओं का वर्णन कीजिए । *1×5=5*

Describe the priorities which have been outlined by the United Nations Development Programme as part of its urban strategy.

**OR**

Describe any five environmental problems of urban settlements in the developing countries of the World.

**16.** “अन्तर्राष्ट्रीय व्यापार, राष्ट्रों के लिए पारस्परिक लाभदायक होता है ।” इस कथन का विश्लेषण कीजिए । *1×5=5*

**अथवा**

“राष्ट्रीय संसाधनों में भिन्नता अन्तर्राष्ट्रीय व्यापार का आधार है ।” इस कथन का विश्लेषण कीजिए । *1×5=5*

“International trade is mutually beneficial to nations.” Analyse the statement.

**OR**

“The difference in national resources is the basis of international trade.” Analyse the statement.


collegedunia.com India's largest Student Review Platform

**17.** "विकास, एक मूलभूत संकल्पना है । यदि एक बार इसे प्राप्त कर लिया गया तो समाज की सभी सामाजिक-सांस्कृतिक और पर्यावरणीय समस्याओं का हल हो जाएगा ।" इस कथन का विश्लेषण कीजिए । *5*

"Development is a substantive concept and once it is achieved it will address all the socio-cultural and environmental ills of the society." Analyse the statement.

**18.** सीमान्त सड़कों का विकास कौन-सी शीर्ष संस्था करती है ? सीमान्त सड़कों के महत्त्व को उदाहरणों सहित स्पष्ट कीजिए । *1+4=5*

**अथवा**

भारतीय रेल की कार्यक्षमता तथा गुणवत्ता बढ़ाने के लिए उठाए गए किन्हीं पाँच कदमों की उदाहरणों सहित व्याख्या कीजिए । *1×5=5*

Which apex body develops the border roads ? Explain the importance of border roads with examples.

**OR**

Explain with examples any five steps taken to increase the performance and quality of Indian Railways.

**19.** भारत में जल का संरक्षण क्यों अनिवार्य है ? जल संरक्षण की किन्हीं तीन विभिन्न विधियों की उदाहरणों सहित व्याख्या कीजिए । *2+3=5*

Why is conservation of water essential in India ? Explain any three different methods of water conservation with examples.

**20.** वायु प्रदूषण किस प्रकार हानिकारक है ? वायु प्रदूषण के किन्हीं तीन भिन्न कारणों की व्याख्या कीजिए । *2+3=5*

How is air pollution harmful ? Explain any three different causes of air pollution.



collegedunia
India's largest Student Review Platform

**21.** **संसार** के दिए गए राजनीतिक रेखा-मानचित्र (पृष्ठ 13 पर), पाँच भौगोलिक लक्षणों को A, B, C, D और E से दिखाया गया है । निम्नलिखित जानकारी की मदद से इन लक्षणों की पहचान कीजिए और उनके सही नाम उनके पास खींची गई रेखाओं पर लिखिए : *1×5=5*

A. प्रमुख समुद्री पत्तन

B. अन्तर्राष्ट्रीय हवाई पत्तन

C. मेगा सिटी

D. चलवासी पशुचारण क्षेत्र

E. क्षेत्रफल की दृष्टि से महाद्वीप का सबसे बड़ा देश

On the given political outline map on the **World** (on page 13), five geographical features have been marked as A, B, C, D and E. Identify these features with the help of the following information and write their correct names on the lines drawn on the map near them :

A. A major seaport

B. An international airport

C. A Mega city

D. An area of nomadic herding

E. The largest country of the continent in terms of area

***नोट :*** *निम्नलिखित प्रश्न केवल **दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों** के लिए, प्रश्न संख्या 21 के स्थान पर हैं :*

***Note :*** *The following questions are for the **Visually Impaired Candidates** only, in lieu of Q. No. 21 :*

(21.1) उत्तर अमेरिका के पश्चिमी तट पर स्थित किसी एक प्रमुख समुद्री पत्तन का नाम लिखिए ।

(21.2) ऑस्ट्रेलिया के पश्चिमी भाग में स्थित किसी एक अन्तर्राष्ट्रीय वायु पत्तन का नाम लिखिए ।

(21.3) अफ्रीका के किसी एक मेगा सिटी का नाम लिखिए ।

(21.4) दक्षिणी गोलार्द्ध में स्थित किसी एक चलवासी पशुचारण क्षेत्र का नाम लिखिए ।

(21.5) दक्षिण अमेरिका में क्षेत्रफल की दृष्टि से सबसे बड़ा देश कौन-सा है ? *1×5=5*



collegedunia
India's largest Student Review Platform

(21.1) Name any one major seaport located on the western coast of North America.

(21.2) Name any one international airport located in the western part of Australia.

(21.3) Name any Mega city of Africa.

(21.4) Name any one area of nomadic herding in Southern Hemisphere.

(21.5) Which is the largest country in terms of area in South America ?

**22.** **भारत** के दिए गए राजनीतिक रेखा-मानचित्र (पृष्ठ 15 पर), में निम्नलिखित भौगोलिक लक्षणों में से ***किन्हीं पाँच*** को उपयुक्त चिह्नों से दर्शाइए और उनके नाम लिखिए : *1×5=5*

(22.1) गुजरात में एक प्रमुख समुद्री पत्तन

(22.2) सेन्ट्रल रेल मंडल का मुख्यालय

(22.3) तेलंगाना में सॉफ्टवेयर टेक्नोलॉजी पार्क

(22.4) कर्नाटक में स्थित लोहा और इस्पात संयंत्र

(22.5) भारत में चावल का अग्रणी उत्पादक राज्य

(22.6) असम में तेलशोधन कारखाना

(22.7) ओडिशा में स्थित बॉक्साइट की खान

(22.8) उत्प्रवास के क्षेत्र में अग्रणी राज्य

Locate and label ***any five*** of the following geographical features on the political outline map of **India** with appropriate symbols (on page 15) :

(22.1) A major seaport in Gujarat

(22.2) The Headquarter of Central Railway Zone

(22.3) Software Technology Park in Telangana

(22.4) The iron and steel plant located in Karnataka

(22.5) The leading rice producer State in India

(22.6) An oil refinery in Assam

(22.7) A mine of Bauxite in Odisha

(22.8) The leading State in the field of out-migration


collegedunia
India's largest Student Review Platform

**नोट :** *निम्नलिखित प्रश्न केवल **दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों** के लिए, प्रश्न संख्या 22 के स्थान पर हैं । **किन्हीं पाँच** प्रश्नों के उत्तर लिखिए ।*

**Note :** *The following questions are for the **Visually Impaired Candidates** only, in lieu of Q. No. 22. Attempt **any five** questions.*

(22.1) गुजरात में स्थित प्रमुख समुद्री पत्तन का नाम लिखिए ।

(22.2) सेन्ट्रल रेल मंडल का मुख्यालय कहाँ स्थित है ?

(22.3) तेलंगाना में स्थित सॉफ्टवेयर टेक्नोलॉजी पार्क का नाम लिखिए ।

(22.4) कर्नाटक में स्थित किसी एक लोहा व इस्पात संयंत्र का नाम लिखिए ।

(22.5) भारत में अग्रणी चावल उत्पादक राज्य का नाम लिखिए ।

(22.6) असम में स्थित किसी एक तेलशोधन कारखाने का नाम लिखिए ।

(22.7) ओडिशा में स्थित बॉक्साइट की खान का नाम लिखिए ।

(22.8) उत्प्रवास के क्षेत्र में अग्रणी राज्य का नाम लिखिए । *1×5=5*

(22.1) Name the major seaport located in Gujarat.

(22.2) Where is the Headquarter of Central Railway Zone located ?

(22.3) Name the Software Technology Park located in Telangana.

(22.4) Name any one iron and steel plant located in Karnataka.

(22.5) Name the leading rice producer State in India.


(22.6) Name any oil refinery located in Assam.

(22.7) Name the Bauxite mine located in Odisha.

(22.8) Name the leading State in the field of out-migration.



collegedunia.com
India's largest Student Review Platform






collegedunia
India's largest Student Review Platform


collegedunia.com
India's largest Student Review Platform

प्रश्न सं. 22 के लिए

For question no. 22

## भारत का रेखा-मानचित्र (राजनीतिक)

## Outline Map of India (Political)




collegedunia.com India's largest Student Review Platform



collegedunia.com India's largest Student Review Platform